# "स्पंदन"

## समाचार - पत्रिका

राजस्थान महिला कल्याण मण्डल, चाचियावास (अजमेर) का त्रैमासिक समाचार पत्र

(सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1958 के अन्तर्गत पंजीकृत संस्था पंजीयन सं. 19/अजमेर/87-88)

केवल निजी वितरण हेतु | अंक (56) वर्ष (17) | जुलाई 2022 से सितम्बर 2022


संस्था परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाओं के साथ स्पन्दन का 56 वाँ अंक आपके समक्ष प्रस्तुत है। हमें हर्ष है कि आप सबके अपार सहयोग से संस्था अपनी स्थापना के 47 वर्ष पूर्ण कर सेवा कार्यों में निरन्तर आगे बढ़ रही है।

पिछले 17 वर्षों से हम स्पन्दन के माध्यम से संस्था द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यक्रमों एवं गतिविधियों को साझा करते आए है। आपके सुझावों एवं मार्गदर्शन से हम इन सब गतिविधियों को सफलता पूर्वक गुणवत्ता के साथ पूर्ण कर पा रहे है।

हमें आपको बताते हुए बहुत खुशी है कि संस्था ने न केवल अपने नियमित कार्यो को सफलता पूर्वक पूर्ण किया है बल्कि विभिन्न नवाचार करते हुए कार्य का विस्तार भी किया है। अद्वैत शीघ्र हस्तक्षेपण केन्द्र की शुरुआत भी इनमें से एक है। विश्व स्तरीय मानकों के अनुसार दिव्यांगजन को शैक्षणिक एवं भौतिक चिकित्सा उपलब्ध कराने हेतु यह राजस्थान का पहला केन्द्र है जिसकी स्थापना संस्था ने इस त्रैमास में की है। इसी प्रकार संस्था ने अजमेर में 2 बाल मित्र पुलिस थानों की स्थापना की हैं जुलाई से सितम्बर का यह त्रैमास संस्था परिवार के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। संस्था स्थापना, संस्था पंजीकरण दिवस, मीनू स्कूल, उम्मीद आदि की स्थापना, चाइल्ड लाइन की शुरुआत आदि सभी महत्वपूर्ण और एतिहासिक दिवस इसी त्रैमास में हम आयोजित करते है। इस वर्ष कोरोना काल के बाद स्थितियाँ कुछ सामान्य हुई तब जाकर दो वर्षों के अन्तराल के बाद हम ये सब गतिविधियाँ फिर से आयोजित कर पाए है।

स्पन्दन के इस अंक के माध्यम से हम इस दौरान के कार्यक्रमों व गतिविधियों की झलकियाँ आपसे साझा कर रहे हैं उम्मीद है आप सभी को यह अंक पसन्द आएगा। आपके सुझावों एवं फीडबैक का हमें हमेशा इन्तजार रहता है। कृपया लिखते रहिए।

मुख्य सम्पादक

धन्यवाद!


**सम्पादक मण्डल**

मुख्य सम्पादक : राकेश कुमार कौशिक

: सम्पादन समिति :

क्षमा आर. कौशिक, तरूण शर्मा, नानूलाल प्रजापति, लक्ष्मण सिंह चौहान, ईश्वर शर्मा


## जी मिडिया द्वारा संस्था को सम्मान



**वाईब्रेन्ट राजस्थान अवार्ड :** दिनांक 9 सितम्बर 2022, राजस्थान महिला कल्याण मण्डल, चाचियावास की सचिव एवं मुख्य कार्यकारी श्रीमती क्षमा.आर. कौशिक को विकलांगता के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों के लिये वाईब्रेन्ट राजस्थान अवार्ड मुख्य अतिथि श्री धर्मेन्द्र राठौड़, अध्यक्ष राजस्थान पर्यटन विकास निगम (RTDC) राजस्थान और विशिष्ट अतिथि, श्री रुपेन्द्र सिंघ, आई.जी.पुलिस रेंज अजमेर, श्रीमती अनिता भदेल विधायक अजमेर दक्षिण, श्री पुरुषोत्तम वैष्णव सी.ई.ओ, जी मिडिया, राजस्थान द्वारा प्रदान किया गया।

# सुर्खियां जुलाई 2022 से सितम्बर 2022






**नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम :** दिनांक 6 जुलाई 2022 संस्था द्वारा दैनिक भास्कर के संपादक श्री रमेश अग्रवाल के नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में जवाहर रंगमंच अजमेर में श्री राकेश कुमार कौशिक ने माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही कार्यक्रम में प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर, वरिष्ठ पत्रकार श्री एन.रघुराजन एवं अन्तर्राष्ट्रीय हास्य व्यंग्य कवि श्री सम्पत सरल से मिलने का मौका मिला। संस्था की ओर से श्री अनुराग सक्सेना, श्री नानू लाल प्रजापति, श्री ईश्वर शर्मा ने कार्यक्रम में भाग लिया।




**दक्ष फ्लोरा नर्सरी चाचियावास की विजिट :** दिनांक 6 जुलाई 2022 को श्री के पी सिंह सहायक निदेशक व श्री श्रीपाल चौधरी उद्यान एवं कृषि विभाग, अजमेर द्वारा संस्था परिसर एवं दक्ष फ्लोरा नर्सरी की विजिट की गई।




**11वां स्थापना दिवस (चाइल्ड लाइन) :** दिनांक 15 जुलाई 2022 को चाइल्ड लाइन कार्यालय में चाइल्ड लाइन का 11वां जन्म दिवस हर्षोल्लास से मीनू शीघ्र हस्तक्षेपण केंद्र के बच्चों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में क्रिश्यिनगंज थाना अधिकारी डॉ. रवीश कुमार सामंरिया, संस्था मुख्य कार्यकारी एवं निदेशक व उपनिदेशक श्री नानू लाल प्रजापति, और कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन टीम की भागीदारी रही।





**पार्टनर्स मीट :** 19 जुलाई 2022 को श्री राकेश कुमार कौशिक निदेशक और श्री नानूलाल प्रजापति उप निदेशक ने विश्व युवक केंद्र, नई दिल्ली में आयोजित कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन यूएस प्रोजेक्ट– एक्सेस टू जस्टिस के तहत पार्टनर्स मीट में भाग लिया एवं शांति नोबल पुरस्कार विजेता श्री कैलाश सत्यार्थी से मुलाकात कर संस्थागत कार्यों की जानकारी दी।

# संस्था ने मनाया 47 वाँ स्थापना दिवस














दिनांक 18 जुलाई 2022,को संस्था का 47वां स्थापना दिवस मनाया गया। संस्था की स्थापना 18 जुलाई 1975 को स्व. सागरमल कौशिक जी द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ बिजनिस नेटवर्क इंटरनेशनल ग्रुप चेप्टर अजमेर से श्री रमेश टहलवानी, अभिनव कांकानी, श्रीमती पूजा गुप्ता, डॉ. रूपा गोयल, आदि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया। समापन कार्यक्रम में श्री सत्यनारायण भंसाली व श्रीमती पूजा भंसाली सरपंच ग्राम पंचायत, घूघरा श्रीमती क्षमा आर. कौशिक, श्री राकेश कुमार कौशिक द्वारा बच्चों को केक वितरित कर संस्था स्थापना दिवस कि शुभकामनाएं दी गई।

# मिली हरी झण्डी संजय स्कूल की बस को

**''LIC HFL को हार्दिक धन्यवाद''**












संजय इन्क्लूसिव स्कूल ब्यावर द्वारा दिनांक 22 जुलाई 2022 को मुख्य अतिथि श्री वी. आर. शुक्ला रीजनल मैनेजर LIC HFL - North Zone New Delhi की अध्यक्षता श्री सुमित मेहरड़ा (आई.पी.एस.) पुलिस उप अधीक्षक, ब्यावर, श्री कौशिक दम्पति ,विशिष्ट अतिथि के रूप मे श्री नवीन ढिंगर मैनेजर ऑपरेशन, LIC HFL जयपुर, श्री हर्षुल मित्तल एरिया मैनेजर, LIC HFL, श्री अभिषेक जोन एरिया समन्वयक द्वारा स्कूल बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह बस संजय स्कूल, ब्यावर को LIC HFL के द्वारा भेंट की गई है।



**मेयो कॉलेज विजिट** : दिनांक 28 जुलाई 2022, मेयो कॉलेज अजमेर के विद्यार्थियों द्वारा मीनू स्कूल की विजिट कर वॉकेशनल कक्षाओ के दिव्यांग बच्चों के संग वृक्षारोपण व आर्ट एण्ड क्राफ्ट की गतिविधियां की गई।




**स्टेशनरी भेंट** : दिनांक 30 जुलाई 2022 लायंस क्लब अजमेर पद स्थापना दिवस कार्यक्रम लॉयन ओ एस माथुर अध्यक्ष, लांयस क्लब अजमेर सिटी श्रीमती सरोज माथुर द्वारा 5000 रू. की स्टेशनरी भेंट की गई। कार्यक्रम में श्री भंवर सिह गौड एवं श्री ईश्वर शर्मा ने संस्था की ओर से भाग लिया।




**''बाल और मस्तिष्क विकास की अवस्थाए'' पर सेमिनार** : दिनांक 30 जुलाई 2022 सागर कॉलेज चाचियावास में बाल और मस्तिष्क विकास की अवस्थाएं विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता विषय विशेषज्ञ डॉ. नीलम नैनवानी द्वारा बाल विकास और मस्तिष्क के की अवस्थायें के बारे मे विस्तार से बताया गया। जिसमें 51 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।




**स्टॉफ क्षमतावर्धन प्रशिक्षणः** दिनांक 25 से 3 अगस्त 2022 संस्था द्वारा नवनियुक्त स्टॉफ के क्षमतावर्धन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमे दक्ष प्रशिक्षक श्री चन्द्रशेखर शर्मा, श्रीमती क्षमा आर कौशिक, श्री राकेश कुमार कौशिक, श्री तरूण शर्मा, श्री नानूलाल प्रजापति आदि द्वारा प्रशिक्षण दिया।



**आजादी का अमृत महोत्सव रैली आयोजन** : दिनांक 13 अगस्त 2022,मीनू स्कूल चाचियावास के बच्चों द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर तिरंगा रैली निकाली गई जिसमें संस्था कार्यकर्ताओं व दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया।



**स्वतंत्रता दिवस का आयोजनः** दिनांक 15 अगस्त 2022 ,मीनू स्कूल व सागर कॉलेज चाचियावास में 76वां स्वतन्त्रता दिवस का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्री इन्द्र कुमार पारवानी कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती संजू गुर्जर सरपंच, ग्राम पंचायत चाचियावास, श्री अभिषेक धनवानी, श्री जय प्रकाश, श्री जसराज गुर्जर, दातार सिंह, प्रताप सिंह रावत रामचन्दानी समाज सेवी, श्री शिव लहरी शर्मा, समाज सेवी, श्री आनन्द सेन, समाज सेवी, श्री कौशिक दम्पति द्वारा झण्डारोहण कर किया गया।

# फ्लाईंग बर्डस सोसाइटी ''सावन-की-फुहारे'' कार्यक्रम

## फ्लाईंग बर्डस सोसाइटी की फाउंडर की श्रीमती अम्बिका जी हेड़ा को कोटिशः धन्यवाद











दिनांक 3 अगस्त 2022 को फ्लाईंग बर्डस सोसाइटी द्वारा सावन–की–फुहारें कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग बच्चों ने नृत्य, स्केटिंग, गेम्स में भाग लिया। फ्लाईंग बर्डस सोसाइटी की फाउंडर श्रीमति अम्बिका हेडा द्वारा विजेता बच्चों एवं स्टॉफ को सम्मानित किया गया एवं 22 फलदार पौधे संस्था परिसर में लगाये गये।




**दिव्यांगो को सामाजिक सुरक्षाओं का लाभ :** दिनांक 27 अगस्त 2022 ग्राम पंचायत गेगल में संस्था की ओर से गठित उमंग दिव्यांगजन समूह की मिटिंग का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्रीमती शेहनाज बानो द्वारा किया गया। श्री पुखराज माली ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं कि जानकारी दी एवं 5 दिव्यांगो के लर्निंग लाइसेंस बनवाये गये।



**इको फ्रेण्डली गणेश जी :** दिनांक 31 अगस्त 2022 को संस्था परिसर में गणपति उत्सव का अयोजन किया गया बच्चों द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए सुपारी से निर्मित गणेश स्थापित किये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री निलेश झा समाजसेवी व कार्यक्रम अध्यक्ष शोभा कनौजिया समाज सेवी अजमेर, कौशिक दम्पती, श्री नेमीचन्द वैष्णव ,श्री तरूण शर्मा, श्री नानूलाल प्रजापति द्वारा पूजन कर किया गया।



**संस्था पंजीकरण व शिक्षक दिवस आयोजन :** दिनांक 6 सितम्बर 2022, शिक्षक दिवस व पंजीकरण दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्री जितेन्द्र कुमार सेन अध्यक्ष शिव भक्त युवाशक्ति ग्रुप अरड़का श्रीमती मोनिका ढलवाल समाज सेविका श्री सुनील कुमार जैन बबिता इनानी, श्रीमती कौशिक, श्री कौशिक डॉ. भगवान सहाय शर्मा श्री नेमीचन्द वैष्णव आदि द्वारा किया गया ।



**स्व. श्री संजय जी कौशिक पुण्यतिथि :** दिनांक 12 सितम्बर 2022 को संस्था परिसर में स्व. श्री संजय जी कौशिक की 22वीं पुण्यतिथि पर श्री कौशिक दम्पति, श्री अनुराग सक्सेना, संयुक्त निदेशक, श्री नेमीचन्द वैष्णव, लेखाधिकारी, डॉ. भगवान सहाय शर्मा उपनिदेशक एच.आर.डी. श्री तरूण शर्मा अति. निदेशक शिक्षा, श्री नानूलाल प्रजापति उपनिदेशक आजीविका, संस्थागत स्टॉफ एवं बच्चों द्वारा श्रृद्धांजलि दी गई।



**सांकेतिक भाषा दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन :** 23 सितम्बर 2022 संस्था द्वारा संचालित सागर कॉलेज मे डी.एड व बी. एड विशेष शिक्षा मे अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के लिए सांकेतिक भाषा दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की थीम का मुख्य विषय ''सांकेतिक भाषायें हमे एकजुट करती है'' था। शुभारम्भ में मुख्य अतिथि श्री राजेश तिवाड़ी वरिष्ठ सहायक निदेशक, शैक्षणिक माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर, श्री विजेन्द्र कुमार बून्दवाल, सेवानिवृत जिला शिक्षा अधिकारी, संस्था निदेशक, श्री राकेश कुमार कौशिक, डॉ. भगवान सहाय शर्मा, उपनिदेशक एच.आर.डी., श्रीमती पदमा चौहान, श्रीमती राजविन्दर कौर, श्री सतीश कुमार आदि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया।

# उम्मीद डे केयर सेन्टर पुष्कर का 11वाँ स्थापना दिवस













दिनांक 13 सितम्बर 2022 उम्मीद डे केयर के 11वां स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्री सुखराम पिंडेल (उपखंड अधिकारी, पुष्कर) सुश्री नीतू शर्मा (बाल विकास परियोजना अधिकारी) श्री मुकेश कुमावत (वार्ड पार्षद एवं आई.डी.पी.जी अध्यक्ष पुष्कर), श्री धमेंन्द्र नागौरा (पार्षद समाज सेवी ) श्रीमती राजश्री शर्मा (प्रधानाध्यापिका बालिका उच्च मा. वि. पुष्कर), श्री समेंद्र सिंह सरपंच, ग्राम पंचायत तिलोर,ा श्री राजेन्द्र महावर भाजपा नेता ,श्री हर्षित कुमावत, छात्र संघ अध्यक्ष पुष्कर, श्री सर्वेश्वर शास्त्री, श्री राकेश कुमार कौशिक, श्रीमती क्षमा आर कौशिक आदि ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। संस्था के समस्त स्टॉफ ने भाग लिया।

# 24 अगस्त 2022 को बाल मित्र कक्षों का हुआ उद्घाटन : बच्चों को मिलेगा भय मुक्त वातावरण

## आई.जी. रूपीन्दर सींघ व एस.पी. चूनाराम जाट ने किया बाल मित्र कक्षों का उद्घाटन







नोबेल पुरस्कार विजेता श्री कैलाश सत्यार्थी के द्वारा संचालित कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन्स फाउण्डेशन के सहयोग से राजस्थान महिला कल्याण मण्डल एवं जिला पुलिस अजमेर के द्वारा दिनांक 24 अगस्त 2022 को क्रिश्चिनगंज एवं रामगंज थानों में तैयार किए गए बाल मित्र कक्षों का उद्घाटन आई.जी. श्री रूपीन्दर सींघ (आई.पी.एस.) एवं एस.पी. श्री चूनाराम जाट (आई.पी.एस.) के द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था द्वारा संचालित मीनू स्कूल के दिव्यांग बच्चों ने देश भक्ति तरानों पर अपनी नृत्य प्रस्तुति दी। आई.जी. रूपीन्दर सींघ ने पोक्सो मामलों में बच्चों का दुरूपयोग कर झूठे मामलों में शामिल करने पर चिन्ता जाहिर करते हुए कहा कि हमें मिलकर इस और जागरूकता के लिए प्रयास करने की जरूरत है। साथ ही आई.जी. ने कहा कि बाल मित्र कक्ष के माध्यम से पुलिस में बच्चों के प्रति संवेदनशीलता में बढ़ोत्तरी होगी और पुलिस निश्चित रूप से किशोर न्याय अधिनियम की पालना करते हुए बच्चों के साथ कार्य करेगी।

संस्था सचिव एवं मुख्य कार्यकारी क्षमा आर. कौशिक तथा राकेश कुमार कौशिक ने अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया एवं संस्था द्वारा संचालित कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेन्द्र गुजंल, बाल आश्रम ट्रस्टी (बचपन बचाओ आन्दोलन) एवं महासचिव अजयमेरू प्रेस क्लब) ने की। श्री गुजंल ने कैलाश सत्यार्थी जी के जीवन से जुड़े प्रसंगों को साझा करते हुए प्रत्येक को बालश्रम एवं बाल यौन शोषण के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होने कहा कि बालश्रम रोकने के लिये हम सब को मिलकर प्रयास करना होगा। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउण्डेशन के श्री राजीव भारद्वाज ने बताया कि अजमेर में बने बाल मित्र कक्षों के माध्यम से बच्चों को भय मुक्त वातावरण के साथ – साथ न्याय तक उनकी पहूँच को सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। श्री कौशिक ने बताया कि किशोर न्याय अधिनियम 2015 एवं पोक्सो एक्ट 2012 के प्रावधानों के अनुसार शोषण एवं दुर्व्यवहार से पीड़ित बच्चों के साथ मित्रता पूर्वक व्यवहार के साथ–साथ बाल सहज वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बाल मित्र कक्ष स्थापित किए गए हैं। इन बाल मित्र कक्षों में बाल सहज वातावरण के साथ–साथ बच्चों के लिए किताबें, खिलौने, आवश्यकतानुसार खाने–पीने एवं आराम करने की व्यवस्था होगी एवं बाल कल्याण अधिकारी सादा वस्त्रों में उपस्थित होकर बच्चों के मामलों में हस्तक्षेप करेंगे। समय समय पर बच्चों से सम्बन्धित गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान एवं डॉ. प्रियंका रघुवंशी, सी.ओ. नोर्थ. छवि शर्मा, सी.ओ. साउथ सुनिल सिहाग, बाल अधिकारिता विभाग सहायक निदेशक संजय सावंलानी, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अंजली शर्मा एवं सदस्य अरविन्द मीणा तथा रूपेश कुमार, थानाधिकारी डॉ. रविश सामरिया व सत्येन्द्र सिंह नेगी, सी.एल.जी. मेम्बर, वार्ड पाषर्द, समाज सेवी सीताराम टॉक महावीर इन्टरनेशनल के अध्यक्ष कमल गंगवाल, चाइल्ड लाईन के कुशाल सिंह एवं चंचल केयर होम से बूटीराम आदि उपस्थित रहे। संचालन डॉ.' प्रियंका रधुवंशी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम प्रबंधन में संस्था के संयुक्त निदेशक अनुराग सक्सेना, उपनिदेशक नानूलाल प्रजापति, लक्ष्मण सिंह चौहान, सत्तार मोहम्मद, वनीता पंवार, दीपक, प्रेमनारायण, चाइल्ड लाइन एवं कैलाश सत्यार्थी फाउण्डेशन टीम तथा दोनों थानों के स्टाफ ने सहयोग किया। कार्यक्रम कै दौरान दोनों थानों में पौधारोपण कार्यक्रम भी किया गया।



# पी.एम. मोदी जी के जन्मदिवस पर 50 दिव्यांगों को वितरण किये टी.एल.एम.किट





अजमेर दिनांक 17 सितम्बर 2022 राजस्थान महिला कल्याण मंडल अजमेर द्वारा राष्ट्रीय बौद्धिक सशक्तिकरण संस्थान नॉएडा के सहयोग से माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष पर संस्था द्वारा संचालित मीनू स्कूल चाचियावास, संजय इन्क्लूसिव स्कूल ब्यावर एवं समुदाय आधारित पुर्नवास कार्यक्रम के 50 बच्चों को शिक्षण अधीगम सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ श्रीमती सरिता गैना, प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा भाजपा राजस्थान एवं पूर्व जिला प्रमुख अजमेर के मुख्य आतिथ्य एवं मुंसिफ अली खान, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान, एडवोकेट अशोक सिंह रावत, जिला अध्यक्ष, ओबीसी मोर्चा भाजपा एवं पूर्व प्रधान पीसांगन पंचायत समिति, जिला मीडिया संयोजक श्री सर्वेश्वर शास्त्री, श्री इन्द्रजीत सिंह जिला परिवीक्षा अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, अजमेर, श्री नमो नारायण पाठक, संस्था सचिव एवं मुख्य कार्यकारी श्रीमती क्षमा आर. कौशिक, निदेशक श्री राकेश कुमार कौशिक की गरीमामय उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि श्रीमती सरिता गैना ने अपने उदबोधन में कहा कि दिव्यांग बच्चों के साथ कार्य करना बहुत चुनौतिपूर्ण है जिसे संस्था बहुत बेहतरीन तरीके से धैर्य एवं उत्साह के साथ कर रही है। श्री अशोक सिंह रावत ने कहा कि अवसर उपलब्ध कराये जाने पर दिव्यांग भी बहुत आगे बढ़ सकते है। संस्था द्वारा इन्हें अवसर प्रदान कर पुण्य कार्य किया जा रहा है। श्री मुसिफ अली खान के कहा आज सामान्य बच्चों की देखभाल करना कठिन है ऐसी स्थिति में संस्था विभिन्न प्रकार के दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बना रही है यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। श्री नमो नारायण एवं इन्द्रजीत सिंह ने उनके विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया।

टी.एल.एम. किट के बारे में जानकारी देते हुये संस्था मुख्य कार्यकारी श्रीमती कौशिक ने बताया कि बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को प्रशिक्षित करने के लिये सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्रालय के उपक्रम राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्था सिकेन्दराबाद के द्वारा यह किट विकसित किया गया है जिसके सहयोग से बौद्धिक दिव्यांगजन अपनी उम्र के अनुसार दैनिक दिनचर्या के कार्य, खुद की देखभाल करना, भाषा ज्ञान, संख्या ज्ञान, सामान्य जानकारी आदि सीख पाऐगें। कार्यक्रम के दौरान संस्था के तरूण शर्मा, नानूलाल प्रजापति, लक्ष्मणसिंह चौहान, भगवान सहाय शर्मा, अनुराग सक्सैना, ईश्वर शर्मा, करूणा शर्मा, पद्मा चौहान आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नानूलाल प्रजापति ने किया।

# आत्मनिर्भर बनेगी ग्रामीण दिव्यांग महिलाएँ (10 दिव्यांग महिलाओ को वितरित की विशेष व्हील चेयर)








दिनांक 22सितम्बर 2022 को राजस्थान महिला कल्याण मंडल अजमेर एवं मोटिवेशन इंडिया बेंगलोर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में नीदरलैंड एम्बेसी के सहयोग से 10 दिव्यांग महिलाओ को इग्लेंड में डिजाईन की हुई विशेष व्हील चेयर का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग अजमेर, उपनिदेशक प्रफुल्ल चंद्र चौबीसा, नीदरलैंड एम्बेसी के जूस्ट वेन ओस्टेन्बरूगन, श्वेता कौशिक, मोटिवेशन इंडिया के निदेशक बीजू मैथ्यू, राखी नाथावत प्रोग्राम हेड, सिद्धार्थ गौड़ फिजियोथेरेपिस्ट, क्षमा आर कौशिक सचिव एवं मुख्य कार्यकारी एवं राकेश कुमार कौशिक निदेशक, राजस्थान महिला कल्याण मंडल के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए प्रफुल्ल चन्द चौबीसा ने कहा की ये व्हील चेयर अपने आप में यूनिक है विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जहाँ मिटटी और उबड़ खाबड़ रास्ते होते है वहाँ के लिये बहुत उपयोगी होगी। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए क्षमा आर कौशिक ने बताया की संस्था द्वारा संचालित सी. बी.आर. और स्वयं सहायता समूह की लाभार्थी दिव्यांग महिलाओ को कभी बैंक के काम से और कभी घर का सामान खरीदने के लिए बाहर जाना पड़ता है परन्तु दिव्यांग होने के कारण से जाना मुश्किल होता है और कच्चे और उबड़ खाबड़ रास्तो पर व्हील चेयर नही चलती है इसलिए संस्था ने मोटिवेशन इंडिया बेंगलोर के साथ मिलकर ये विशेष व्हील चेयर भेंट की है जिससे इस प्रकार के ग्रामीण क्षेत्रों में भी ये महिलाऐं आसानी से आ जा सकेंगी। निदेशक श्री कौशिक ने बताया की हर व्हील चेयर को प्रत्येक महिला के नाप और साइज के अनुसार बनाया गया है जिससे उनका पोस्चर ख़राब नहीं होगा। इसके साथ ही उनको व्हील चेयर उपयोग और देखभाल करने की ट्रेनिंग भी दी गई है। मोटिवेशन इण्डिया से राखी ने कहा की ये केवल व्हील चेयर नहीं है ये दो पांव है जिनके सहयोग से ये महिलाये अपनी मर्जी से कही भी आ जा सकती है और बाहर की दुनिया देख सकती है बीजू मैथ्यू ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाने के लिये यह एक प्रयास है कार्यक्रम के दौरान संस्था से तरुण शर्मा, अनुराग सक्सेना, लक्ष्मण सिंह चौहान, पद्मा चौहान, सत्तार मोहम्मद, पुखराज माली, करुणा शर्मा, आदि उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन नानूलाल प्रजापति ने किया।

## दिनांक 9 जुलाई 2022 को संस्था द्वारा पंचशील नगर अजमेर में राजस्थान के प्रथम सर्व सुविधा युक्त शीघ्र हस्तक्षेपण केन्द्र ''अद्वैत'' का विधिवत उद्घाटन किया गया!








Adwait
Center for Excellence in Education & Therapy

# (राजस्थान का सर्वश्रेष्ठ सर्व सुविधा युक्त सेन्टर)

सी-ब्लॉक, पंचशील नगर, क्षेत्रपाल हॉस्पिटल के पास, माकड़वाली रोड़ अजमेर 305004



## : बच्चों में यदि निम्न परेशानियाँ है तो हमसे परामर्श ले :

- बोलने सम्बन्धी जैसे हकलाना, तुतलाना
- जिद करना, चीखना/गुस्सा करना।
- बच्चें में पढ़ने–लिखने सम्बन्धी
- एक जगह स्थिर नहीं बैठना
- चलने/सुनने सम्बन्धी।

**उपलब्ध सेवाएं**

❖ प्रशिक्षित एवं अनुभवी एक्सपर्ट/चिकित्सकों द्वारा :
❖ स्पेशल एज्यूकेशन ❖ ऑक्यूपेशनल थैरेपी ❖ फिजियोथैरेपी ❖ साईकोथैरेपी
❖ स्पीच थैरेपी ❖ नियमित ओ पी डी ❖ पेरेन्ट्स एण्ड चाइल्ड काउंसलिंग



+91 9351233541
adwait@rmkm.org.in I www.rmkm.org.in


मुद्रित सामग्री | बुक पोस्ट

प्रतिष्ठा में, ______________________

______________________

______________________


# राजस्थान महिला कल्याण मण्डल

''विश्वामित्र आश्रम''
ग्राम–चाचियावास, (जनाना अस्पताल से 4 किमी आगे),
सीकर रोड़, जिला–अजमेर 305023 (राज.)
E-mail : rmkm_ajm@yahoo.com Ph.# : 0145-2794481
Mob. : 98[illegible] Website www.rmkm.org.in



सौजन्य : Vibha

मुद्रक : प्रगति प्रिन्टर्स, पुरानी मंडी, अजमेर